

# वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

## अन्तर विश्वविद्यालयीय युवा महोत्सव

## 12-13 जनवरी 2023

---

## प्रतिवेदन आख्या

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में **12-13 जनवरी 2023**को अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव का आयोजन हुआ। इस महोत्सव में उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ,महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय,बरेली,महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ,वाराणसी, महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय,आजमगढ़,जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ,जौनपुर के प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया।इस युवा महोत्सव में कुल शास्त्रीय गायन -वादन एवं नृत्य,एकल संगीत,समूह संगीत-नृत्य,वाद विवाद,मूक अभिनय,स्पॉट पेंटिंग,कोलाज,पोस्टर,रंगोली, स्पॉट फोटोग्राफी,मेंहदी सहित कुल 16 प्रतियोगिताएँ आयोजित थी।

स्वामी विवेकानंद जी की जयंती 12 जनवरी पर आयोजित युवा महोत्सव 2023 का शुभारम्भ सांस्कृतिक समारोह से हुआ। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री श्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि विवेकानंद जी व्यक्ति नहीं सपूर्ण विचार थे। स्वामी जी ने कहा था कि शक्तिशाली भारत का निर्माण गुरुकुल, विश्वविद्यालय और खेल के मैदानों से होगा। उन्होंने शिक्षा और खेल के महत्व को सबसे पहले व्यक्त किया था। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में नई चिंतन और नई सोच समाहित है। लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति में भारतीय महापुरुषों के विचारों को हमसे दूर किया गया। नई शिक्षा नीति के मूल बिंदु में शिक्षा को संस्कार, रोजगार और तकनीकी से जोड़ा गया है।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पंजाब नेशनल बैंक,वाराणसी के अंचल प्रमुख अजय कुमार सिंह ने कहा कि आज ऐसे महापुरुष की जयंती है, जिनके विचार युवाओं को सदा प्रोत्साहित करते हैं। मैं भी उन्हीं से प्रेरणा लेता हूं।

युवा महोत्सव के उद्घाटन सत्र की अध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि इंटर युनिवेर्सिटी यूथ फेस्टिवल का आयोजन आज राष्ट्रीय युवा महोत्सव स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस के अवसर पर प्रारंभ हो रहा है। आज से प्रारंभ हो रहे दो दिवसीय युवा महोत्सव उत्सव में विभिन्न स्वस्थ प्रतिस्पर्धाएं आयोजित हो रही हैं जो हमारे प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए अपनी कुशलता और प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए यह विश्वविद्यालय एक मंच उपलब्ध करा रहा है। राष्ट्रीय एकता, भ्रातृत्व, सांप्रदायिक सद्भाव की भावना, वीरता एवं साहस की अवधारणा को युवाओं में प्रचारित करने के उद्देश्य से इस युवा महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस युवा महोत्सव का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं के मस्तिष्क को विचार निर्माण का आकार प्रदान करना है एवं उन्हें राष्ट्र निर्माण के लिए एक संयुक्त शक्ति में रूपांतरित करना है। इन कार्यक्रमों में युवाओं के साथ मेल-मिलाप करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से स्रोत विद्वानों को आमंत्रित किया जाता है जिनकी देख रेख में हमारे विद्यार्थी बहुत कुछ सकारात्मक सीखेंगे।

अतिथियों और युवा महोत्सव का संक्षिप्त परिचय छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अजय द्विवेदी ने दिया। संचालन नोडल अधिकारी डॉ. मनोज मिश्र और धन्यवाद ज्ञापन आयोजन सचिव डा. गिरधर मिश्र ने किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य द्वारा लिखित पुस्तक "कौन सी कविता होती है पूरी", प्रो. अजय द्विवेदी की पुस्तक "इंडियन रूरल वोमेन" और डा. सुनील कुमार और डा. दिग्विजय सिंह राठौर के संपादन में "अन्तर्विश्वविद्यालयीय युवा महोत्सव" की स्मारिका का विमोचन भी उत्तर-प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री श्री योगेंद्र उपाध्याय ने किया।

युवा महोत्सव के दौरान शाम को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महंत अवेधनाथ संगोष्ठी हाल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। आल्हा सम्राट श्री फौजदार सिंह ने अपनी गीतों और आल्हा प्रस्तुति से लोंगों में जोश भर दिया। विद्यार्थियों नें नशामुक्ति अभियान और महिला सशक्तिकरण पर अपनी जोरदार प्रस्तुति की। सांस्कृतिक समारोह के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार वर्मा और विशिष्ट अतिथि श्री अजय साहनी रहे। समारोह में अतिथियों और कलाकारों को कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने अंगवस्त्रम और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी की पत्नी एवं आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ अंकिता राज, सांस्कृतिक कार्यक्रम में टीम के निर्देशक सलमान को भी सम्मानित किया गया।

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय अंतर विश्वविद्यालयीय युवा महोत्सव का समापन  शुक्रवार 13 जनवरी  को हुआ। समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य श्री विद्यासागर सोनकर द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य श्री विद्यासागर सोनकर ने कहा कि युवा मन से होता है, उन्हें अनुशासित होकर लक्ष्य प्राप्ति करना चाहिए तभी सही दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव में एक दूसरे की संस्कृति और संस्कार को जानने का मौका मिलता है। आज युवा सोच के चलते ही दुनिया हमारे सामने नतमस्तक है।

समारोह की अध्यक्षता कर रहीं विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि अन्य देश बने और मिट गये लेकिन युवाओं की सोच और संस्कृति के बल पर अपना देश आगे बढ़ रहा है।

दो दिनों में परिसर में महोत्सव की विविध  प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।  इन प्रतियोगिताओं  में सर्वांगीण रूप से विजेता  महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी को प्रथम,वीर बहादुर सिंह  पूर्वांचल विश्वविद्यालय,जौनपुर को  द्वितीय, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ को  तृतीय और जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया को चतुर्थ स्थान मिला।

क्लासिकल सोलो हिंदुस्तानी में काशी विद्यापीठ कि दिव्यांशी प्रथम, जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया के आनंद जी द्वितीय एवं पूर्वांचल विश्वविद्यालय की शालू वैरागी तृतीय स्थान पर रहीं।

लाइट वोकल इंडियन में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के सूरज प्रथम, जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के आनंद द्वितीय एवं पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कृति साहू तृतीय स्थान पर रहीं।फोक समूह गान भारतीय में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम प्रथम, काशी विद्यापीठ के टीम द्वितीय एवं जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय की टीम तृतीय स्थान पर रही।

वाद विवाद प्रतियोगिता में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के मृत्युंजय पांडे एवं अभिनव मिश्रा प्रथम उद्देश्य सिंह एवं आकांक्षा सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वितीय, कपिल एवं आशीष कुमार चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ तृतीय स्थान पर रहे।

वन एक्ट प्ले में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम प्रथम, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ की टीम द्वितीय स्थान पर रही। मूक अभिनय में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की टीम प्रथम, पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम द्वितीय एवं जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय की टीम तृतीय स्थान पर रही।

ऑन स्पॉट पेंटिंग में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के जय गुप्ता प्रथम , चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के आकाश शर्मा द्वितीय एवं पूर्वांचल विश्वविद्यालय की प्राची गुप्ता तृतीय स्थान पर रही।

कोलाज में मेरठ विश्वविद्यालय के अनमोल प्रथम एवं पूर्वांचल विश्वविद्यालय के शुभम द्वितीय स्थान पर रहे। पोस्टर मेकिंग में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की अंकिता भारती तृतीय, आजमगढ़ विश्वविद्यालय की श्रेया द्वितीय एवं चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के अक्षय कुमार प्रथम स्थान पर रहे।

रंगोली प्रतियोगिता में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय कि आर्यन प्रथम, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की अंशु कुमारी द्वितीय एवं आजमगढ़ विश्वविद्यालय की अमृता तृतीय स्थान पर रही।फोटोग्राफी के प्रतियोगिता में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की दीपक भटनागर प्रथम, रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रियांशु सिंह द्वितीय एवं पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संस्कार श्रीवास्तव तृतीय स्थान पर रहे।मेहंदी में काशी विद्यापीठ के मनीष कुमार प्रथम, पूर्वांचल की हिमांशी द्वितीय और मेरठ की कोमल तृतीय रही

दूसरे दिन संगीत, नृत्य एवं नाटक की प्रतियोगिताएं अवैध नाथ संगोष्ठी भवन में संपन्न हुई। इन प्रतियोगिताओं का समन्वयन डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ एस पी तिवारी डॉ अनु त्यागी डॉ मनीष कुमार सिंह, राहुल कुमार राय एवं डॉ अवधेश कुमार ने किया।

रज्जू भैया संस्थान के सभागार में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर वाद विवाद प्रतियोगिता का संबंध में डॉ अंकित कुमार एवं डॉक्टर सुधीर उपाध्याय ने किया।फाइन आर्ट की प्रतियोगिताएं फार्मेसी संस्थान में संपन्न हुई जिसके समन्वयक डॉ विनय वर्मा डॉ धर्मेंद्र सिंह,डॉ रेखा पाल, डॉ राजित राम सोनकर, मंगला प्रसाद यादव, डॉ प्रभाकर सिंह, मधुमिता, डॉ चंदन सिंह, इशानी एवं नेहा विश्वकर्मा रही।

दो दिवसीय अंतर विश्वविद्यालयीय युवा महोत्सव में प्रतिभाग किये समस्त प्रतिभागी सुखद स्मृतियों को लिए अपने विश्वविद्यालयों को प्रस्थान किए। सबी टीम प्रबंधकों ने आयोजन एवं न्याय मंडल के निर्णयों की भूरि-भूरि प्रशंसा की । चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ , महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ,जौनपुर के प्रतिभागियों नें 13 जनवरी की रात अतिथिगृह में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ लोहणी का पर्व मनाया एवं 14 जनवरी की सुबह स्वल्पाहार के पश्चात चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ एवं महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली की टीम अपने विश्वविद्यालय के लिए प्रस्थान किया।

# चित्रांकन






अंतर विश्वविद्यालयीय युवा महोत्सव




अंतर विश्वविद्यालयीय युवा महोत्सव
महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ
वाराणसी
Mahatma Gandhi Kashi Vidyapith
VARANASI


अंतर विश्वविद्यालयीय युवा महोत्सव
समापन समारोह






अंतर विश्वविद्यालयीय युवा महोत्सव
उद्घाटन समारोह


अंतर विश्वविद्यालयीय युवा महोत्सव
उद्घाटन समारोह
जौनपुर


वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर उ.प्र.
अंतर विश्वविद्यालयीय युवा महोत्सव
उद्घाटन समारोह
punjab national bank
श्री अजय कुमार सिंह
प्रो. निर्मला एस. मौर्य
सहायक कुलसचिव : श्री अमृत लाल, श्रीमती बबिता सिंह, श्री अजीत प्रताप सिंह, श्री दीपक कुमार सिंह


अंतर विश्वविद्यालयीय युवा महोत्सव
उद्घाटन समारोह




अंतर विश्वविद्यालयीय युवा महोत्सव


अंतर विश्वविद्यालयीय युवा महोत्सव
उद्घाटन समारोह


अंतर विश्वविद्यालयीय युवा महोत्सव
उद्घाटन समारोह




अंतर विश्वविद्यालयीय युवा महोत्सव




अंतर विश्वविद्यालयीय युवा महोत्सव
समापन समारोह
जौनपुर


RESPECT


अंतर विश्वविद्यालयीय युवा महोत्सव
उद्घाटन समारोह


अंतर विश्वविद्यालयीय युवा महोत्सव


उद्घाटन समारोह




